2021

HINDI — GENERAL

Paper : LCC-2(1)

(Hindi Vyaakaran Aur Sampreshan)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'मनुष्यत्व' शब्द से प्रत्यय अलग कीजिए और प्रत्यय का नाम लिखिए।

(ख) 'दर्शन' और 'पात्र' में उपसर्ग जोड़कर एक नया शब्द बनायें।

(ग) 'लोकहितकारी' शब्द का समास विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।

(घ) 'कर्मठ' और 'उत्तम' का विलोम शब्द लिखिए।

(ङ) 'अंधे की लकड़ी' मुहावरे का अर्थ बताते हुए इससे एक वाक्य बनाइये।

(च) 'बुढ़ापा' और 'विजयादशमी' कौन सी संज्ञा हैं?

(छ) सकर्मक क्रिया का एक उदाहरण दीजिए।

(ज) एक सरल वाक्य का उदाहरण दीजिए।

(झ) 'यह कविता अनेक भावों को प्रकट करता है' वाक्य को शुद्ध करके लिखिए।

(ञ) 'इन्द्रजीत' शब्द का समास विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं *तीन* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

(क) सम्प्रेषण की अवधारणा और महत्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) वाचन का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ग) संख्यावाचक विशेषण का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(घ) अव्यय की सोदाहरण परिभाषा लिखिए और इसके विभिन्न भेदों के नाम लिखिए।

(ङ) 'द्विगु' और 'द्वंद्व' समासों की सोदाहरण परिभाषा लिखिए।

3. किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) भाषण–कला पर विचार प्रकट कीजिए।

(ख) रचनात्मक लेखन की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

(ग) अध्ययन प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।

(घ) वाचन और चर्चा के अंत: संबंधों पर प्रकाश डालिए।

———————